हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 20 जून 2025

तापमान
अधिकतम 33 .5 डिग्री
न्यूनतम 23 .0 डिग्री

13 नशे के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम में आगे आकर अपनी अग्रणी भूमिका निभाए महिलाएं: एएसआई

14 माजरा एम्स में ओपीडी व एमबीबीएस कक्षाएं शुरू कराने को लेकर समिति के आंदोलन की तैयारी, घर-घर चलाया जाएगा अभियान





### केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह की वादा खिलाफी से रोष, अस्पताल बनाएं तो ही वाटर टैंकों के लिए दी जाएगी जमीन

# एम्स की राह पर अस्पताल का आंदोलन, कदम वापस खींचने को तैयार नहीं, ग्रामीण वापस मांग रहे जमीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

जिस तरह मनेठी में एम्स की घोषणा के बाद इसे फिजिबल नहीं बताने पर एम्स संघर्ष समिति ने लंबा आंदोलन किया था, लगभग उसी तर्ज पर रामगढ़ भगवानपुर में सिविल अस्पताल बनाने का वादा केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के गले की फांस बन सकता है। वाटर टैंकों के लिए ग्राम पंचायत की जमीन लेने के बाद अस्पताल दूसरे गांव में खोलने की योजना ने नए आंदोलन को जन्म दे दिया है, जिसमें इस बार आंदोलनकारी ग्रामीणों के सीधे निशाने पर राव इंद्रजीत सिंह आ चुके हैं।

पूर्व सीएम मनोहरलाल ने वर्ष 2016 में बावल में आयोजित रैली के दौरान डा. बनवारीलाल के आग्रह पर मनेठी में एम्स खोलने की घोषणा की थी। बाद में तत्कालीन सीएम ने एम्स की घोषणा को भावुकता में की गई घोषणा बताते हुए एम्स की संभावना से इनकार कर दिया था। यह घोषणा ही एम्स खुलवाने के लिए आंदोलन का रास्ता बन गई थी। एम्स संघर्ष समिति का गठन होने के बाद लंबा आंदोलन चला। इसके बाद केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के प्रयासों से मनेठी में एम्स खोलने को केंद्र सरकार ने मंजूरी प्रदान कर दी थी। केंद्र सरकार की वन एवं पर्यावरण कमेटी ने मनेठी की प्रस्तावित जमीन को अरावली की बताते हुए एम्स की संभावनाओं पर पानी फेर दिया था। इसके बाद एम्स संघर्ष समिति को एक बार फिर से आंदोलन शुरू करना पड़ा। माजरा के किसान जमीन देने को तैयार हुए, तो एम्स को मूर्त रूप मिल गया। रामगढ़ भगवानपुर के ग्रामीणों का दावा है कि रेवाड़ी शहर में पानी की किल्लत देखते हुए राव इंद्रजीत सिंह ने वाटर टैंक बनाने के लिए ग्राम पंचायत से जमीन मुहैया कराने का आग्रह किया था। राव ने वादा किया था कि अगर वाटर टैंक निर्माण के लिए ग्रामीण जमीन देते हैं, तो सिविल अस्पताल भी इसी गांव में बनवाया जाएगा।







रेवाड़ी। रामगढ भगवान पुर में अस्पताल की मांग को लेकर धरने पर बैठे ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि

### पंचायत ने वाटर टैंकों के लिए दी जमीन

ग्रामीणों के अनुसार केंद्रीय मंत्री के गांव में अस्पताल खुलवाने के वायदे को देखते हुए लगभग 10 एकड़ जमीन सिंचाई विभाग को और 8 एकड़ जमीन अस्पताल के लिए देने के प्रस्ताव सरकार को भेजे थे। वाटर टैंकों के लिए दी जाने वाले जमीन की फाइल स्वीकृत हो गई थी, परंतु अस्पताल के लिए जमीन की फाइल पर ऑब्जेक्शन लगाकर ठीक करने के लिए वापस भेजा गया था। ग्रामीणों को जब इस बात का पता चला कि अस्पताल किसी दूसरे गांव में बनाने की तैयारी चल रही है, तो ग्रामीणों में आक्रोश उत्पन्न हो गया।

### तीसरे दिन भी जारी रहा ग्रामीणों का धरना

रामगढ़ भगवानपुर, फिदेड़ी व आसपास के गांवों के लोग 16 जून को केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह से मिलने के लिए उनके रामपुरा निवास पर गए थे। राव ग्रामीणों से नहीं मिले, जिस कारण उनके प्रति ग्रामीणों की नाराजगी बढ़ गई। उसके बाद 17 जून से ग्रामीण अनिश्चिकालीन धरने पर बैठे हुए हैं। वीरवार को वक्ताओं ने धरने को संबोधित करते हुए आरोप लगाए कि राव इंद्रजीत सिंह ने उनके साथ विश्वासघात किया है। अगर गांव में अस्पताल नहीं बना, तो सरकार को वाटर टैंकों के लिए ली गई जमीन भी वापस करनी होगी।

### तीसरे दिन इनेलो नेताओं ने दिया समर्थन

तीसरे दिन इनेलो नेताओं ने ग्रामीणों के बीच जाकर धरने को समर्थन दिया। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव प्रकाश भारती और जिलाध्यक्ष डा. राजपाल ने कहा कि जमीन लेकर भी सरकार अस्पताल कहीं और बनाकर ग्रामीणों के साथ धोखा कर रही है। उनके इस आंदोलन में इनेलो पार्टी साथ खड़ी है। नीरज, संपतराम, कमला शर्मा, वरुण गांधी व अनिल यादव भी इस मौके पर मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### ट्रेन में चढ़ते समय महिला की चेन झपटी

**रेवाड़ी।** हिसार से दिल्ली जाने वाली पैसेंजर ट्रेन में चढ़ते समय एक महिला के गले की चेन झपट ली। जीआरपी दिल्ली कैंट को दर्ज शिकायत में बोहतवास अहीर निवासी नीरज चोपड़ा ने बताया कि वह प्लेटफार्म नं. 5 पर दिल्ली की ओर जाने वाली ट्रेन में चढ़ रही थी। भीड़ के कारण किसी ने उसके गले से सोने की चेन झपट ली। इसके बाद ट्रेन स्टेशन से चल पड़ी। कैंट जीआरपी ने जीरो एफआईआर दर्ज करने के बाद रेवाड़ी भेज दी। जीआरपी ने केस दर्ज करने के बाद चोरी की जांच शुरू कर दी।

### कोर्ट से घोषित पीओ के खिलाफ केस दर्ज

**रेवाड़ी।** थाना मॉडल टाउन पुलिस ने कोर्ट से घोषित किए गए एक पीओ के खिलाफ केस दर्ज किया है। कोर्ट ने जींद की गुरूद्वारा कॉलोनी निवासी सुमित को एक मामले में गत वर्ष 18 दिसंबर को पीओ घोषित करते हुए उसके गिरफ्तारी वारंट जारी किए थे। उसके खिलाफ केस दर्ज करने के आदेश भी हुए थे। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उसकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए। उसकी संपत्ति का ब्योरा भी हासिल करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### घर के बाहर खड़ी बाइक ले गए चोर

**धारूहेड़ा।** आकेड़ा में चोर एक घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में फतेहसिंह ने बताया कि उसने अपनी बाइक घर के बाहर खड़ी की थी। इसके बाद वह अपने घर के अंदर चला गया। लगभग एक घंटे बाद घर से बाहर निकला, तो उसे बाइक नहीं मिली। आसपास काफी पूछताछ करने के बाद भी उसकी बाइक का कोई पता नहीं चला। सेक्टर-6 थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर चोरी का केस दर्ज करने के बाद बाइक का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

### घासेड़ा का तीस वर्षीय युवक घर से लापता

**रेवाड़ी।** घासेड़ा गांव का एक 30 वर्षीय शादीशुदा युवक घर से लापता हो गया। पुलिस शिकायत में विक्रम ने बताया कि उसका बेटा जितेंद्र शादीशुदा है। वह 16 जून को घर से बिना बताए कहीं चला गया। शाम तक वापस नहीं आने पर उसकी तलाश शुरू की। मोबाइल फोन बंद आने के कारण उससे संपर्क नहीं हो पा रहा है। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कोई पता नहीं चला सका है। सदर थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद युवक की तलाश शुरू कर दी।

### कोर्ट से घोषित किया गया पीओ गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने कोर्ट से घोषित किए गए एक पीओ को गिरफ्तार किया है। एक मामले में कोर्ट ने कंपनी बाग निवासी कृष्ण को उद्घोषित अपराधी करार दिया था। उसके खिलाफ केस दर्ज करने के आदेश जारी किए गए थे। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर आरोपी के खिलाफ 9 जून को केस दर्ज किया था। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने आरोपी कृष्ण को गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

### हादसों के बाद फरार दो चालक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने सड़क हादसों को अंजाम देने के बाद मौके से फरार होने वाले दो वाहन चालकों को गिरफ्तार किया है। रोहड़ाई पुलिस ने पाल्हवास के निकट हादसे के बाद 15 जून को कार चालक के खिलाफ केस दर्ज किया था। चरखी दादरी निवासी विनोद को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। कोसली पुलिस ने 12 जून को हुए हादसे के आरोपी भूरथला निवासी कृष्ण को गिरफ्तार किया है। बाद में दोनों आरोपियों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

## जिस कमरे में लगाई थी कंपनी कर्मचारी ने फांसी, उसी में बेड से मिला महिला का शव

■ पुलिस ने सीन ऑफ क्राइम टीम को मौके पर बुलाकर शुरू की जांच, पति से विवाद के चलते पत्नी रह रही थी अलग, शव की शिनाख्त कराने के प्रयास शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

धारूहेड़ा की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में एक मकान के जिस कमरे में कंपनी कर्मचारी का शव फांसी के फंदे पर झूलता हुआ मिला था, उसी कमरे के बेड से वीरवार दोपहर बाद एक महिला का शव भी बरामद हुआ है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सीन ऑफ क्राइम टीम को मौके पर बुलाकर जांच शुरू की। डीएसपी रविंद्र व सीआईए की टीम भी मौके पर पहुंच गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए सामान्य अस्पताल के शव गृह में रखवा दिया गया। पुलिस मृतका की शिनाख्त कराने के प्रयास कर रही है। एक कंपनी में कार्य करने वाला पलवल निवासी युवक योगेश हाउसिंग बोर्ड में किराए का कमरा लेकर रह रहा था। उसका अपनी पत्नी के साथ विवाद चल रहा था, जिस कारण उसकी पत्नी मायके में ही रह रही है। गत 6 जून को योगेश की संदिग्ध हालत में मौत हो गई थी। उसका शव फांदी के फंदे से लटका हुआ मिला था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया था। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वीरवार को योगेश के परिजन कमरे से उसका सामान लेने के लिए धारूहेड़ा आए थे। कमरे में बहुत ज्यादा दुर्गंध आ रही थी। परिजनों ने कमरे में रखा बेड खोलकर देखा तो उसमें महिला का गला-सड़ा शव पड़ा हुआ था। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर जाकर शव कब्जे में ले लिया। सीन ऑफ क्राइम टीम को भी मौके पर बुलाया गया। हत्या का मामला होने के कारण डीएसपी रविंद्र कुमार और सीआईए की टीम भी मौके पर पहुंच गई। शव को सामान्य अस्पताल भिजवा दिया गया।

### अवैध संबंधों की दास्तान हो सकता है हत्याकांड




पुलिस सूत्रों के अनुसार योगेश शव फांसी पर लटका हुआ मिलना और बेड से महिला का शव मिलने से मामला पेचिदा हो गया है। कयास लगाए जा रहे हैं कि अवैध संबंधों के चलते महिला योगेश के साथ रह रही होगी। या तो योगेश ने उसे मौत के घाट उतारकर खुद फांसी लगा ली या फिर महिला की हत्या के बाद योगेश को भी फंदे पर लटका दिया गया। पुलिस मामले में हर पहलु को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। एसएचओ संजय कुमार ने बताया कि अभी जांच की जा रही है। महिला की पहचान होने के बाद ही इस मामले में कुछ कहा जा सकता है।

### बाइक की टक्कर से भट्टा श्रमिक की मौत

■ आसपास के लोगों ने उसे गंभीरावस्था में अस्पताल पहुंचाया


**रेवाड़ी।** सुलखा के निकट सड़क किनारे पैदल चल रहे एक भट्टा श्रमिक की बाइक की चपेट में आकर मौत हो गई। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद बाद बाइक चालक का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए। यूपी के मरका निवासी प्रयाग नारायण खरखड़ी के एक ईंट भट्टे पर श्रमिक था। बुधवार देर सायं वह घर का सामान लेने के लिए दो अन्य श्रमिकों के साथ सुलखा बस स्टैंड की ओर जा रहा था।

गांव से कुछ दूर आगे निकलते ही एक बाइक ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने उसे गंभीरावस्था में अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रामपुरा थाना पुलिस ने सूचना मिलने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा दिया। पुलिस बाइक चालक की तलाश कर रही है।

## जिम में युवकों के साथ मारपीट का एक और आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

बावल थाना पुलिस ने जिम में एक्सरसाइज कर रहे दो युवको के साथ मारपीट करने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान गांव पातुहेड़ा निवासी कमल सिंह के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। पातूहेड़ा निवासी संदीप ने अपनी शिकायत में बताया था कि गत 6 मई को रोजाना की तरह वह बावल स्थित जिम में अपने दोस्त विकास के साथ एक्सरसाइज कर रहा था। इसी दौरान उसके गांव का सहीराम व उसके तीन साथी उसके पास आये और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने बताया की उन्हें रामसिंह ने भेजा है। इसके बाद आरोपियों उसे जान से मारने की धमकी दी और हथियार दिखाकर उसकी जेब से नकदी छीनकर भाग गये। आरोपियों ने उसके दोस्त विकास के साथ भी मारपीट की है। जिस पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ थाना बावल में मामला दर्ज करके मामले में संलिप्त एक आरोपी गांव पातुहेड़ा निवासी सहीराम को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। जो इस मामले में पुलिस ने मामले में संलिप्त एक और आरोपी गांव पातूहेड़ा निवासी कमल सिंह को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को पेश अदालत करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।



आरोपी कमल सिंह

### नहरी पानी चोरी रोकने गए कर्मचारी, किसानों ने पीटकर अस्पताल पहुंचाया, कई लोगों पर केस दर्ज

**रेवाड़ी।** रोहड़ाई की सीमा में नहरी पानी की चोरी रोकने के लिए गई सिंचाई विभाग की टीम पर लगभग एक दर्जन लोगों ने हमला कर दिया। इससे टीम में शामिल चार कर्मचारी घायल हो गए। पुलिस ने 6 नामजद सहित कई लोगों के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उनकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए। पुलिस बयान में सिंचाई विभाग के बेलदार भिवानी के चनाना निवासी रवि ने बताया कि 18 जून को दोपहर के समय वह अपने साथ ललित, देवेंद्र, हिमांशु व दिनेश को लेकर नहर चेक करने के लिए निकला था। रोहड़ाई की सीमा में कुछ किसान नहर में पाइप लगाकर पानी की चोरी कर रहे थे। उन्होंने पानी चारी करने से मना किया, तो कई किसान गाली-गलौज करते हुए उन्हें मारने के लिए दौड़ पड़े। चारों जान बचाने के लिए पाल्हावास हेड की ओर दौड़ने लगे। इसी बीच उन्होंने पुलिस को भी सूचना दी। रवि ने आरोप लगाया कि बाद में पाल्हावास हेड पर लगभग एक दर्जन लोग बाइक लेकर पहुंच गए। इनमें जगबीर, मनोज, कालू, बंटी, टोली व आकाश भी शामिल थे। इन लोगों ने वहां आकर उनके साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। पुलिस के मौके पर पहुंचते ही आरोपी धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया। रोहड़ाई थाना पुलिस ने रवि के बयान पर आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है।

## इनकम टैक्स रिफंड के नाम से हो रही साइबर ठगी से रहें सावधानः एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

आमजन को साइबर अपराधों से बचाने के लिए पुलिस विभाग की ओर से लगातार प्रयास किए जा रहे है। पुलिस अलग-अलग तरीकों से आमजन को जागरूक करने में जुटी हुई है। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि साइबर ठगों के निशाने पर हर वह आदमी है, जो किसी भी डिजिटल माध्यम से जुड़ा है फिर वह चाहे इंटरनेट मीडिया हो या फिर इंटरनेट बैंकिंग। एसपी ने कहा कि साइबर ठग इनकम टैक्स रिफंड के नाम से ठगी कर रहें हैं। आमजन को इनसे सतर्क रहने की जरूरत है। इनकम टैक्स रिफंड के लिए बैंक खाता वेरीफाई करने का मैसेज आए तो सावधान रहे। साइबर ठगों की ओर से ठगी को अंजाम देने के लिए इनकम टैक्स रिफंड के नाम से मैसेज भेजे जा रहे है, इसलिए ऐसे किसी भी लिंक को ओपन न करें। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि बदलते वक्त के साथ साइबर ठगों ने अपने पैंतरे भी बदले हैं। साइबर ठग कभी पेंशन स्कीम का लालच देते हैं, कभी फर्जी लोन एप के माध्यम से, कभी बिना आर्डर का पार्सल भेजकर तो कभी कॉल फॉरवर्डिंग करके और कभी किसी व्यक्ति की ई-मेल, व्हाट्सएप, फेसबुक आईडी को हैक करके शातिर साइबर ठगी का शिकार बनाने से नहीं चुकते। ऐसे में आमजन को इस बात का ख्याल रखना चाहिए कि वह अपने इंटरनेट मीडिया अकाउंट व बैंकिंग एप्स को सुरक्षित लॉक करके रखें तथा अपनी निजी जानकारी को किसी भी व्यक्ति से सांझा करने से बचें।



एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा।

### वायु सेना में फ्लाइंग ऑफिसर बने सहादत नगर के नितिन

**कोसली।** सहादत नगर गांव के नितिन यादव ने मात्र 21 वर्ष की आयु में भारतीय वायु सेना में फ्लाइंग ऑफिसर बनकर अपने माता-पिता व गांव का नाम रोशन किया है। नितिन ने कोसली के एक निजी स्कूल से बारहवीं कक्षा पास करने के बाद 2021 में एनडीए की परीक्षा पास की तथा पूणे में राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में तीन वर्ष का प्रशिक्षण पूरा किया। जुलाई 2024 में डुडीगल एयर फोर्स अकेडमी हैदराबाद में फ्लाइंग पायलट का प्रशिक्षण शुरू किया। अभी हाल ही में 14 जून को एयरफोर्स एकेडमी हैदराबाद में हुई पासिंग आउट परेड में वायु सेना अध्यक्ष एयर चीफ मार्शल एपी सिंह द्वारा नितिन को फ्लाइंग ऑफिसर पायलट का रैंक प्रदान किया गया। नितिन के पिता प्रदीप सिंह भी वायुसेना से सेवानिवृत्त हैं तथा फिलहाल शिक्षा विभाग में शिक्षक है। उनकी माता रेनू देवी भी शिक्षक हैं। नितिन के पिता ने बताया कि उसका सपना शुरू से ही वायु सेना में पायलट बनने का था। नितिन ने अपनी सफलता का श्रेय अपने दादा सुल्तान सिंह नंबरदार, माता पिता व गुरूजनों को दिया है।



रेवाड़ी। एयर चीफ मार्शल एपी सिंह व माता-पिता के साथ नितिन।

### आज से तीन-चार दिन तक रुक-रुककर हो सकती है बरसात, मौसम में बार-बार आएगा बदलाव

## आसमान में बादलों के बीच बूंदाबांदी, हवा में नमी से उमस बढ़ी

■ इसके बाद मानसून की बारिश शुरू होने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

जून के दूसरे पखवाड़े में मौसम में बार-बार बदलाव देखने को मिल रहा है। तापमान में मामूली वृद्धि के बाद धूप निकलते ही उमस भरी गर्मी परेशान करने लगती है, तो बारिश के बाद मौसम सुहाना बन जाता है। 20 जून से तीन-चार दिन तक रुक-रुककर बारिश हो सकती है। इसके बाद मानसून की बरसात देखने को मिल सकती है। वीरवार को सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे। कई इलाकों में बूंदाबांदी होती रही। अधिकतम तापमान 0.5 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 33.5 डिग्री पर आ गया। न्यूनतम तापमान 3 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 23 डिग्री पर पहुंच गया। सुबह बूंदाबांदी के बाद हवा में नमी का स्तर 70 फीसदी से ज्यादा रहा, जिससे धूप निकलने के बाद उमस भरी गर्मी ने पसीना छुड़ाना शुरू कर दिया। चिपचिपाहट भरी गर्मी लोगों को जमकर परेशान कर रही है। दोपहर बाद तक लोग पसीने-पसीने हो जाते हैं। शाम के समय बूंदाबांदी से मौसम खुशगवार बन जाता है। दो दिन से मौसम इसी तरह का बना हुआ है। उमस के चलते कूलरों की हवा बेअसर साबित होती है। एसी से राहत जरूर मिल रही है। मौसम विभाग के अनुसार अभी तीन से चार दिन तक मौसम में बार-बार बदलाव देखने को मिल सकता है। कभी तेज धूप निकलेगी, तो कभी आसमान में बादलों के बीच हल्की या मध्यम बारिश हो सकती है। अगले सप्ताह मानसून की बारिश देखने को मिल सकती है। इस दौरान तापमान में मामूली उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा।



रेवाड़ी। एक खेत में दवा का छिड़काव करते किसान। फोटो :हरिभूमि

### किसानों ने शुरू की बाजरे की बिजाई

जून के शुरू में हुई बारिश के बाद जो किसान बाजरे की बिजाई नहीं कर सके थे, उन्होंने मंगलवार को हुई बरसात के बाद बिजाई शुरू कर दी है। यह बरसात कपास और बाजरे की फसल के लिए वरदान साबित हो सकती है। जून माह में ही खेतों में हरियाली छाने लगी है। मौसम इस समय दोनों फसलों के लिए काफी अनुकूल बना हुआ है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार पूरे जिले में अच्छी बारिश हो चुकी है। किसान बाजरे की पछती किस्मों की बिजाई कर सकते हैं। मौसम में बदलाव के बाद घरेलू बिजली का लोड भी कुछ कम हो गया है, जिससे बिजली की खपत 10 लाख यूनिट तक कम हो गई है। इससे लोगों को पावर कटों से निजात मिल रही है। तेज हवाओं और बारिश के कारण फीडर ट्रिप करने से ही बिजली बाधित हो रही है।

### बस की टक्कर से टैंपो सवार चार घायल, एक की हालत गंभीर

**धारूहेड़ा।** तीतरपुर से धारूहेड़ा आ रहे एक टैंपो को पार्श्वनाथ सोसायटी के पास राजस्थान रोडवेज की बस ने टक्कर मार दी। इस हादसे में टैंपो सवार दो महिलाओं सहित चार लोग घायल हो गए। टैंपो चालक की हालत गंभीर बनी हुई थी। तीतरपुर में रह रहे बिहार के छेटबखरी निवासी राकेश टैंपो चलाता है। वह अपनी बेटी और बेटे को धारूहेड़ा छोड़ने के लिए जा रहा था। रास्ते में जोनावास निवासी मोनिका भी टैंपो में सवार हो गई। पार्श्वनाथ सोसायटी के पास पीछे आ रही एक राजस्थान रोडवेज की बस ने टैंपो को टक्कर मार दी, जिससे उसमें सवार चारों लोग घायल हो गए। आसपास के लोगों ने एंबुलेंस की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां राकेश की हालत गंभीर होने के कारण उसे रेफर कर दिया गया। बस चालक हादसे के बाद मौके से फरार हो गया। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद बस चालक की तलाश शुरू कर दी।



स्वास्थ्य
युविका धर योग प्रशिक्षक

बच्चो, अगर तुम्हें फिजिकली-मेंटली फिट एंड हेल्दी रहना है तो अपने डेली रूटीन में योगाभ्यास को जरूर शामिल करो। योगासन, बॉडी पोश्चर को सुधारने के साथ-साथ हमें टेंशनफ्री और रिलैक्स रखते हैं। यहां हम तुम्हारे लिए कुछ योगासनों के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें तुम आसानी से कर सकते हो, ये बहुत प्रभावी भी हैं।

# ये योगासन तुम्हें रखेंगे फिट एंड हेल्दी



### सुखासन

**इसे करने** के लिए अपने पैरों को क्रॉस करके और पीठ को सीधा करके जमीन पर बैठ जाओ। अपने हाथों को अपने हृदय के मध्य में या घुटनों पर रखो। अब आंखें बंद करके धीरे-धीरे गहरी सांस लो और धीरे-धीरे छोड़ो।
**लाभः** सुखासन करने से एकाग्रता यानी कंसंट्रेशन बढ़ाने में मदद मिलती है। तुम जो भी काम करते हो वह जल्दी और बहुत अच्छे से हो जाता है। *

### बद्धकोणासन

**इसे बाउंड** एंगल पोज या तितली मुद्रा भी कहा जाता है। बच्चो, इस आसन को तुम आराम से कर सकते हो। इसे करने में तुम्हें मजा भी आएगा। बद्धकोणासन करने के लिए सबसे पहले अपनी पीठ सीधी और पैरों को चौड़ा करके बैठ जाओ। अब पैरों को मोड़कर तलवों को एक-दूसरे के सामने रखकर पैरों से तितली की तरह फ्लाइंग मूवमेंट करो।
**लाभः** इस आसन को करने से डाइजेशन सही रहता है। अगर पीठ का दर्द है तो इससे राहत मिलती है और मूड भी अच्छा बना रहता है। *





### मार्जरी आसन (बिल्ली मुद्रा)

**मार्जरी आसन** करने के लिए अपनी कोहनियों, कंधों और कलाइयों को सही पोजिशन में रखते हुए, अपने हाथों और घुटनों के बल टिक कर अपनी पीठ को झुकाओ और एक बिल्ली की तरह पोज बनाओ फिर 30 सेकेंड तक इसी पोजिशन में रुको। बच्चो, इस योग को करने में तुम्हें बहुत मजा भी आएगा।
**लाभः** इस मजेदार आसन को करने से तुम्हारी पीठ की मसल्स मजबूत बनेंगी। साथ ही इससे तुम्हारा पोश्चर भी सुधरा रहेगा, तुम स्मार्ट दिखोगे। *



### वीरभद्रासन

**इस आसन** को 'वॉरियर पोज' यानी 'योद्धा मुद्रा' भी कहते हैं। वीरभद्रासन करने के लिए एक पैर को आगे बढ़ाकर ऊंची छलांग लगाने वाली मुद्रा में खड़े हो और सामने वाले घुटने को 90 डिग्री के कोण पर मोड़ो। अपने पिछले पैर को जमीन पर 45 डिग्री के कोण पर सीधा रखो। सांस बाहर छोड़ो और कुछ देर तक रोक कर रखो। इस आसन को करते हुए तुम अपने आप को स्ट्रॉन्ग और बैलेंस्ड फील करो।
**लाभः** यह आसन तुम्हें भीतर से मजबूत बनाएगा। इसे करने से तुम्हारा आत्मविश्वास बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ने पर तुम कभी किसी काम के लिए ना नहीं कहोगे, तुम्हारी छवि एक योग्य व्यक्ति के रूप में बनेगी। *





### उत्कटासन

**इस आसन** को चेयर पोज भी कहा जाता है। उत्कटासन करने के लिए अपनी भुजाओं को सिर के ऊपर उठाओ, गहरी सांस लो और अपने घुटनों को आगे लाओ। अपनी जांघों को जमीन के समानांतर रखो। एक मिनट तक इसी पोजिशन में रुको फिर धीरे-धीरे पहले जैसी स्थिति में आ जाओ।
**लाभः** उत्कटासन करने से तुम्हारे पैर की मसल्स मजबूत बनेंगी। तुम्हारी बैलेंसिंग केपेसिटी बढ़ेगी। साथ ही तुम्हारी मेंटल हेल्थ भी बेहतर रहेगी। *

### वृक्षासन

**इस आसन** को करने के लिए अपने हाथों को बगल में रखकर सीधे खड़े हो जाओ। अपना वजन एक पैर पर डालो और दूसरे पैर को उठाकर अपनी जांघ, टखने या पिंडली पर टिका दो। अपनी हथेली को आपस में एक साथ मिलाकर इसे दबाते हुए अपने सिर के ऊपर उठाओ। कुछ समय तक इसी पोजिशन में रुको फिर सामान्य हो जाओ।
**लाभः** वृक्षासन से शरीर का संतुलन बनाए रखने में मदद मिलती है। इससे हमारा शरीर चुस्त-दुरुस्त रहता है। *

● प्रस्तुतिः शिखर चंद जैन

# नियमित करो योग रहो स्वस्थ-निरोग

हर कोई शरीर और मन से स्वस्थ, निरोग रहना चाहता है। इसके लिए हमें योग जरूर करना चाहिए। योग का हमारे शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य पर बहुत ही अच्छा प्रभाव पड़ता है। बच्चो, जानो योग करने के क्या-क्या फायदे होते हैं।



सलाह
राकेश चक्र

योग का जन्मदाता अपना देश भारत है। योग भारत में तो लोकप्रिय है, आज इसे विश्व के अन्य देशों में भी अपनाया जा रहा है। योग हमारे तन-मन दोनों को ही स्वस्थ रखने का बहुत प्रभावी माध्यम है। इसलिए हर वर्ष 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। योग के क्या-क्या लाभ हैं, इसकी जानकारी हर बच्चे को होनी चाहिए, जानो।

**स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारीः** नियमित योग करने से हम स्फूर्तिवान बनते हैं। शारीरिक ही नहीं, मानसिक रूप से मजबूत बनते हैं। हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है, हमारा शरीर निरोगी रहता है।



**बढ़ती है कार्यक्षमताः** चूंकि योग से हम स्वस्थ रहते हैं, इसलिए हमारी कार्यक्षमता बढ़ती है। इससे मन एकाग्रचित रहता है, याददाश्त बढ़ती है, बुद्धि तेज होती है। इस कारण हम अपने सभी काम जल्दी और बेहतर ढंग से कर पाते हैं। योग हमारी रचनात्मकता को बढ़ाता है। यह हमें शारीरिक गतिविधियों के प्रति जागरूक करता है, जिससे हम स्वस्थ रहते हैं।

**बढ़ता है आत्मविश्वासः** योग हमारे स्वास्थ्य को बेहतर रखने में सहायक रहता है। अगर इसे नियमित किया जाए तो इससे हमारा आत्मविश्वास यानी कॉन्फिडेंस बढ़ता है। बच्चो, हमारा कॉन्फिडेंस मुश्किल से मुश्किल काम को आसानी से करने का हौसला देता है। हम अपना काम सही ढंग से करने में सफल होते हैं।

**प्रकृति से जोड़ता हैः** प्रायः योग किसी खुले स्थल जैसे पार्क आदि में किया जाता है, इसलिए इसे करने के दौरान हम प्रकृति के करीब आते हैं। योग की विभिन्न मुद्राएं, जैसे- हंस मुद्रा (हंस की तरह मुद्रा), वृक्षासन (पेड़ की तरह स्थिर कद), सिंहासन (शेर की तरह), मंडूकासन (मेंढक की तरह) आदि ऐसे आसन हैं, जो हमें प्रकृति को समझने का अवसर देते हैं, हमें प्रकृति से जोड़ते हैं। ये आसन पशु-पक्षियों एवं प्रकृति से ही सीख कर, प्रेरित होकर हमारे ऋषि-मुनियों द्वारा अपनाए गए हैं।

**दूर होती है हीन भावनाः** जब लोग किसी दूसरे से खुद की तुलना करते हैं तो कई बार उनके मन में हीन भावना घर कर जाती है। इस तरह की हीन भावना उनकी सफलता में बाधक बनती है। योग हमें हीन भावना जैसे नकारात्मक विचारों से दूर रखता है। योग हमें खुद को बेहतर बनाने और बिना किसी से तुलना किए अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने में मदद करता है। योग आलस्य से दूर रखकर हमें परिश्रमी और जागरूक बनाता है।

बच्चो, इन सबके अलावा भी योग के अनेक फायदे हैं, जो तुम योग करते-करते खुद ही महसूस करोगे। योग तुम्हें शारीरिक-मानसिक रूप से सुदृढ़ बनाकर हर दिन बेहतर बनने में मदद करता है। योग तुम्हारी सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इसलिए अपनी दिनचर्या में योग को जरूर शामिल करो। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

# रोचक विज्ञान कथाएं

कई बच्चे विज्ञान को बहुत कठिन विषय मानते हैं, उसके नियम और सिद्धांत उन्हें आसानी से समझ में नहीं आते हैं। लेकिन वास्तव में ऐसा है नहीं। विज्ञान को अगर मजेदार तरीके से पढ़ा और प्रायोगिक तौर पर समझा जाए तो यह तुम्हें सबसे रोचक विषय लगेगा। प्रसिद्ध विज्ञान कथा लेखक देवेंद्र मेवाड़ी द्वारा लिखी पुस्तक 'सुनो बात विज्ञान की' में संकलित दस कहानियां पढ़कर तुम इस बात को जरूर मानोगे। इस किताब में तुमको विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों की जानकारी बहुत ही रोचक कहानी के जरिए पढ़ने को मिलेगी। इन सभी कहानियों के मुख्य पात्र देवीदा, विज्ञान के बहुत अच्छे जानकार हैं, जो अपने आस-पड़ोस में रहने वाले कुछ बच्चों को विज्ञान से जुड़ी जानकारियां खिलंदड़े अंदाज में देते हैं। ये बच्चे (मानसी, गार्गी, नंदू, चेतन, विक्रम, सौरभ, शेफाली, विवेक आदि) अपने मन की सारी जिज्ञासाएं बेझिझक देवीदा से पूछते हैं, जिन्हें वे व्यावहारिक प्रमाण देकर उन्हें समझाते हैं। इन कहानियों में तुम चंद्रमा पर भारत के सफल चंद्रयान-3 मिशन के बारे में, धूमकेतुओं के बारे में, बिजली के आविष्कार के इतिहास के बारे में, पेड़-पौधों की महत्ता के बारे में, ऋतु चक्र में वसंत के महत्व के बारे में, जुगनुओं, पक्षियों, आलू की कहानी समेत प्राकृतिक आपदा सुनामी और होली पर नकली रंगों के इस्तेमाल से नुकसान के बारे में पढ़ सकते हो। इन्हें पढ़ने के दौरान तुम्हें जरा भी बोरियत नहीं महसूस होगी और तुम बहुत कुछ नया जान-समझ जाओगे। *




**किताब**: सुनो बात विज्ञान की, **लेखक**: देवेंद्र मेवाड़ी, **मूल्य**: 125 रुपए, **प्रकाशक**: साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली

## जीके क्विज-158

1. हाल ही में किस पूर्व भारतीय कप्तान को आइसीसी के 'हॉल ऑफ फेम' में शामिल किया गया है?
2. जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर कौन थे?
3. एशिया का सबसे बड़ा ट्यूलिप गार्डन किस राज्य में स्थित है?
4. प्रसिद्ध लक्ष्मण मंदिर किस राज्य में स्थित है?
5. शुष्क बर्फ किस गैस के ठोस रूप को कहते हैं?
6. हमारे शरीर के बालों में कौन सा प्रोटीन पाया जाता है?
7. हल्दी घाटी का युद्ध कब हुआ था?
8. भारत में नेशनल डॉक्टर्स डे कब मनाया जाता है?
9. सफेद सोना (व्हाइट गोल्ड) किस धातु को कहा जाता है?
10. एवरेस्ट के शिखर तक पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला कौन थी?



बच्चों, जीके क्विज-158 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-157 का उत्तरः** 1.शतरंज, 2.कनाडा, 3.एनालेना बैरबॉक, 4.सुभाष चंद्र बोस, 5.ओडिशा, 6.मेगास्थनीज, 7.ओटावा, 8.विटामिन ए, 9.बैकाल, 10.किडनी

**जीके क्विज-157 का सही उत्तर देने वालेः** आशीष-दुर्ग, सौम्या-रायपुर, सागर-बिलासपुर, हिमांशु-बिलासपुर, गोल्डी-भोपाल, चेतन-रोहतक, कबीर-हिसार, गोदावरी-ईमेल से, चैतन्य-महासमुंद, राजन-बालोद, काव्या-दुर्ग



कहानी
संतोष उत्सुक

आभास को अपने दोस्तों की देखा-देखी जंक फूड्स खाने का शौक हो गया। देखते-देखते उसका वजन बढ़ गया, वह मोटा दिखने लगा। मम्मी को चिंता हुई तो उन्होंने आभास को टोका, पापा ने भी उसे समझाया। क्या आभास पर अपने मम्मी-पापा के समझाने का कोई असर हुआ?

# भगाया मोटापा!



आभास के पापा का ट्रांसफर दूसरे शहर में हो गया था। नए शहर में आकर वह बहुत खुश और उत्साहित था। यहां उसके नए दोस्त बने। नए घर में शिफ्ट होने के बाद पापा ने आभास से कहा, 'बेटा, तुम्हें एक बड़े और अच्छे शहर में रहने का फायदा उठाना चाहिए। पढ़ाई, खेलकूद और अन्य गतिविधियों में भी हिस्सा लेना चाहिए। तुम्हारे नए स्कूल में ये सभी सुविधाएं उपलब्ध भी हैं। तुम इनका फायदा उठाओ।'

आभास का स्कूल जाना शुरू हुआ तो नए सहपाठी मिले, जिनमें से कई उसके मित्र बन गए। आभास के कई सहपाठी तो पड़ोस में ही रहते थे। स्कूल के बाद रोजाना सभी मिलते थे। आभास के कई मित्र, तरह-तरह की चीजें खाने के बहुत शौकीन थे। आपस में पढ़ाई-लिखाई के साथ मनपसंद चीजें खाने की बातें भी होती थीं। उन्हें जंक फूड्स बहुत पसंद थे। स्कूल के आस-पास जंक फूड के कई आउटलेट्स खुले हुए थे। स्कूल टाइम के बाद बच्चे मोमोज, स्प्रिंग रोल, चाऊमिन, पिज्जा, बर्गर और भी कई ऐसी चीजें मजे से खाते थे।

आभास पहले जंक फूड कभी-कभार ही खाता था, क्योंकि जहां वह रहता था, ये चीजें कम ही मिलती थीं। वह तरह-तरह की चीजें खाने का बहुत शौकीन था, इसलिए जब उसे ये चीजें रोज खाने को मिलने लगीं तो उसकी जुबान पर इनका स्वाद चढ़ गया। ज्यादा समय नहीं लगा, इन्हें खाकर उसका वजन बढ़ गया। दो महीने में ही आभास का पेट निकल आया। कुछ दिन बाद कमीज के निचले बटन मुश्किल से बंद होने लगे। कमर पर पैंट कसने लगी। एक दिन मम्मी ने कहा, 'बेटा, मुझे पता है तुमने जंक फूड ज्यादा खाना शुरू कर दिया है। तुम्हारा वजन बढ़ रहा है। यह अच्छी बात नहीं है। अपनी हेल्थ का ध्यान रखो।'

आभास बोला, 'मम्मी, आपको पता तो है मुझे मोमोज, पास्ता, पिज्जा, बर्गर और चाऊमीन बहुत पसंद हैं। पहले ये चीजें मैं कहां खा पाता था, अब चांस मिला है।'

मम्मी ने समझाया, 'बेटा, तुम पहले कभी-कभी खाते थे तो तुम्हारे शरीर पर ज्यादा असर नहीं होता था। तुम्हारा स्कूल भी घर से दूर था। पैदल भी खूब चलते थे। यहां स्कूल पास है और जंक फूड की दुकानें भी हैं। तुम अपना ध्यान रखो, नहीं तो मोटे होते जाओगे।'

आभास ने मम्मी की चेतावनी पर ध्यान नहीं दिया। नतीजा यह हुआ कि उसका वजन और ज्यादा बढ़ गया। कभी-कभार उसके मन में आता कि आज नहीं खाएगा, लेकिन अपने सहपाठियों के कहने और दुकान से आ रही खुशबू के कारण, वह ललचा जाता फिर जाकर वह खा लेता। जंक फूड खाने से उसे सुस्ती आने लगी। वह सुबह भी देर से उठता।


एक दिन फिर मम्मी ने आभास को चेताया कि वह मोटा होता जा रहा है। वह बोला, 'मम्मी, मैं अपनी हेल्थ का ध्यान दूंगा। मैं योग करके अपना बढ़ा हुआ पेट कम कर लूंगा।' लेकिन कई दिन बीतने पर भी जब आभास ने कुछ नहीं किया तो मम्मी ने चिंता से पापा से बात की।

रविवार को पापा ने आभास को अपने पास बुलाया और समझाया, 'बेटा, जंक फूड खाने से तुम मोटे हो रहे हो। तुम्हारा पेट बाहर निकल गया है। मोटापा एक बार आ जाए तो वापस मुश्किल से जाता है। अगर विद्यार्थी जीवन से ही संतुलित खाना खाया जाए और योग-व्यायाम किया जाए तो शरीर चुस्त रहता है। बेटा, मोटापा कई बीमारियों का कारण है। अच्छे स्वास्थ्य का कोई विकल्प नहीं। तुमको अनुशासन में रहकर खाना चाहिए ताकि पसंद का सब कुछ खा सको और वजन भी न बढ़े। बेटा, मुझसे वायदा करो कि नियमित योग करोगे, बढ़ा हुआ वजन एक महीने में कम कर लोगे।'

आभास को अपने पापा की बात, समझ में आ गई। उसने पापा से वायदा किया कि वह जंक फूड खाना बिल्कुल बंद कर देगा। अपना वजन घटाने और पेट अंदर करने के लिए रोजाना योग-व्यायाम करेगा।

सोमवार को स्कूल जाते समय आभास ने जंक फूड की दुकानों की तरफ देखा तक नहीं। उसने पक्का निश्चय कर लिया था कि अब उसे अपना वजन कम करना है। कुछ दिन बाद उसका वजन कम भी होने लगा। वह मन ही मन यह सोचकर खुश होता कि बहुत जल्दी अपने मोटोपे को घटा लेगा, फिट और फुर्तीला नजर आएगा। *

कविता
सूर्यकुमार पांडेय



## योग करें बन जाएं भीम

पापा बोले, 'योग करो तो,
दूर भागते रोग।
तन-मन की दिक्कतें मिटाए,
काया बने निरोग।'
एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य-
इस वर्ष के लिए थीम।
योग करे जो भी दुनिया में,
वह बन जाए भीम।'
मैं बोला, 'प्यारे पापा!
फिर चलो सिखाओ योग।
मैं भी रोज करूंगा,
कर के मुझे दिखाओ योग।'
योग दिवस इक्कीस जून को,
मना रहा संसार।
'एक पृथ्वी-एक स्वास्थ्य',
की गूंज रही जयकार।
अब पापा के साथ बैठकर,
मैं करता हूं योग।
देखा-देखी योग कर रहे,
घर के सारे लोग।

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां योग दिवस से जुड़े एक समान दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। इन चित्रों में छह अंतर हैं। तुम्हें ये सारे अंतर पांच मिनट में खोज कर बताने हैं, तो देर किस बात की, फटाफट सारे अंतर खोजो।





उत्तर : 1. सबसे आगे बैठकर योग कर रहे लड़के की टी-शर्ट का कलर बदला हुआ है। 2.नीचे बाईं तरफ एक फूल कम दिख रहा है। 3.ऊपर बाईं तरफ आकाश में दो की बजाय चार पंछी उड़ रहे हैं। 4.दाईं तरफ घर के ऊपरी हिस्से में दो वेंटिलेशन विंडो दिख रहे हैं। 5.दाहिनी तरफ घर के थोड़ा ऊपर एक मधुमक्खी दिख रही है। 6.नीचे दाईं तरफ तितली गायब है।

## रास्ता खोजो

बच्चो, ऋषि के दोस्त पार्क में योगाभ्यास कर रहे हैं, उसे इनके पास योगाभ्यास के लिए पहुंचना है। लेकिन पार्क तक पहुंचने का रास्ता बहुत टेढ़ा-मेढ़ा है। तुम ऋषि को अपने दोस्तों तक पहुंचने का रास्ता बताओ तो जरा।



## खबर संक्षेप



रेवाड़ी। छात्रों को एडवेंचर कैंप के लिए रवाना करते कुलपति।

### मुक्तेश्वर उत्तराखंड रवाना हुआ छात्रों का दल

**रेवाड़ी।** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर के छात्रों का एक दल वीरवार को एडवेंचर कैंप मुक्तेश्वर उत्तराखंड के लिए रवाना हुआ। कुलपति प्रोफेसर असीम मिगलानी ने छात्रों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के एडवेंचर कैंप विद्यार्थियों में एकजुटता के साथ कार्य करने की क्षमता को बढ़ाने में लाभदायक होते हैं। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रोफेसर दिलबाग सिंह व एनएसएस समन्वयक डा. मीरा बाम्बा ने छात्रों को शुभकामनाएं दीं।

### योग मानसिक स्वास्थ्य के लिए सहायक

**धारूहेड़ा।** 21 जून को मनाए जाने वाले 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर जिले में योगाभ्यास करने को सिलसिला जारी है। वीरवार को नगरपालिका चेयरमैन कंवर सिंह की अध्यक्षता में धारूहेड़ा में योग सहायकों ने लोगों को योगाभ्यास कराया। योग प्रशिक्षकों ने खिलाड़ियों व नगरपालिका के कर्मचारियों को योगाभ्यास से पहले और बाद में रक्तचाप और रक्त शर्करा के स्तर को मापने की सलाह दी, ताकि गैर-संचारी रोगों या जीवनशैली विकारों में योग की उपयोगिता को सत्यापित किया जा सके।

### बीडीपीओ कार्यालय डहीना में खुला दरबार आज

**कोसली ।** कोसली के विधायक अनिल यादव 20 जून को बीडीपीओ कार्यालय डहीना में नागरिकों की समस्याएं सुनेंगे। जानकारी के अनुसार विधायक डहीना में सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक बीडीपीओ ऑफिस में खुला दरबार लगाकर जन समस्याओं की सुनवाई करेंगे। डहीना खंड के गांवों की पंचायत व आमजन विधायक को लिखित में अपनी शिकायत दे सकता है।इस मौके पर विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा पंचायत प्रतिनिधि भी मौजूद रहेंगे।

### 15 दिन के अंदर मिलेगा फोटो युक्त वोटर कार्ड

**रेवाड़ी ।** भारत निर्वाचन आयोग की ओर से अब मतदाताओं को मतदाता सूची में अपडेट के 15 दिनों के अंदर फोटो युक्त मतदाता पहचान पत्र जारी कर दिए जाएंगे। मतदाताओं को फोटो युक्त मतदाता पहचान पत्र यानि ईपीआईसी की जल्द डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने एक नई मानक संचालन प्रक्रिया शुरू की है, जो मतदाता सूची में अपडेट के 15 दिनों के अंदर मतदाता पहचान पत्र की डिलीवरी को सक्षम बनाती है, जिसमें मतदाता का नया नामांकन या किसी मौजूदा मतदाता के किसी भी विवरण में बदलाव शामिल है।



पुलिस की दुर्गा शक्ति विंग ने गांव माढैया कलां में महिलाओं को दी अपराधों से बचाव की जानकारी

# नशे के खिलाफ चलाई मुहिम में आगे आकर अग्रणी भूमिका निभाए महिलाएं

छात्राओं व महिलाओं को डायल 112 के ट्रिप मॉनिटरिंग सिस्टम की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। महिलाओं को जानकारी देते हुए दुर्गा शक्ति टीम। फोटो : हरिभूमि

पुलिस की दुर्गा शक्ति विंग की ओर से वीरवार को गांव माढैPया कलां में महिलाओं को आत्मरक्षा के साथ सशक्त बनाने को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा के मार्गदर्शन में दुर्गा शक्ति विंग की ओर से छात्राओं व महिलाओं को डायल 112 के ट्रिप मॉनिटरिंग सिस्टम, गुड टच-बैड टच, महिला-बच्चों विरुद्ध अपराध व साइबर अपराध की पहचान, अपराधों से बचाव व अपराध होने पर उनके निवारण सहित नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया तथा महिलाओं को आत्मरक्षा के गुर भी सिखाए गए।

इस अवसर पर दुर्गा शक्ति इंचार्ज एएसआई सुनीता ने कहा कि आज छात्राओं व महिलाओं को उन पर हो अत्याचार व शोषण को रोकने के लिए मानसिक व शारीरिक रूप से मजबूत होने की आवश्यकता है। इसके लिए अभिभावकों को भी छात्राओं को नियमित रूप से आत्मरक्षा के प्रशिक्षण के लिए प्रेरित करना चाहिए ताकि वे मुश्किल परिस्थिति में भी मुसीबत का डट कर सामना कर सकें। जिला पुलिस व दुर्गा शक्ति विंग भी छात्राओं व महिलाओं की सुरक्षा में हर समय मुस्तैद है। पुलिस टीम ने महिलाओं को विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों, अपराधियों की पहचान व बचाव के बारे में भी जानकारी दी। एएसआई ने बताया गया कि अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स की जानकारी किसी के अनजान व्यक्ति के साथ सांझा न करें तथा अपने अकाउंट को प्राइवेट रखें, जिससे कि विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों से बचा जा सकता हैं। अगर कोई साइबर अपराध का शिकार हो जाता है तो तुरंत डायल 1930 पर कॉल करके पुलिस को सूचना दें। इस अवसर पर दुर्गा शक्ति इंचार्ज एएसआई सुनीता, वन स्टॉप सेंटर अधिकारी ललिता कालरा, महिला सिपाही मनीषा, मोनिका व एसपीओ बिरेन्द्र सहित अनेक महिलाएं उपस्थित थी।

### ट्रिप मॉनिटरिंग सिस्टम की दी जानकारी

एएसआई सुनीता ने कहा कि महिलाएं पुलिस प्रशासन की ओर से नशे के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम में आगे आकर अपनी अग्रणी भूमिका निभाएं तथा और अधिक भागीदारी करें ताकि नशे को समाज से पूरी तरह से खत्म किया जा सकें। उन्होंने कहा कि नशा बेचने वालों की असली जगह जेल है, इसलिए नशे का कारोबार करने वालों की सूचना निःसंकोच होकर पुलिस को दें। पुलिस टीम ने महिलाओं को दुर्गा शक्ति व डायल-112 एप्स को अपने मोबाइल में इंस्टॉल करने व इन एप्स का प्रयोग करने की अपील की। इसके अलावा उन्होंने बताया कि यदि कोई महिला यात्रा के दौरान ट्रिप मॉनिटरिंग की सुविधा प्राप्त करना चाहती है तो 112 पर कॉल करके यह सहायता प्राप्त की जा सकती है, जिसमें पुलिस कंट्रोल रूम की ओर से यात्रा के दौरान महिला के पास कॉल करके महिला के सुरक्षित होने की जानकारी ली जाती है।

## लेह लद्दाख सिंधु दर्शन के लिए रवाना हुआ 62 यात्रियों का दल



रेवाड़ी। सिंधु दर्शन यात्रा के लिए रवाना होता यात्रियों का दल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

वीरवार को सिंधु दर्शन यात्रा के लिए शहर से 62 यात्रियों का दल लेह-लद्दाख के लिए रवाना हुआ। यात्रा के व्यवस्थापक एवं संयोजक एम ी गोयल समाजसेवी, सत्यप्रकाश गौतम अध्यक्ष भगवान परशुराम शिक्षा समिति, लक्ष्मी नारायण शर्मा, पुनीत वशिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य, महासचिव अजय शर्मा एडवोकेट, गूगन सिंह यादव, पूर्व प्रधान बार शौकीन शर्मा एडवोकेट, राकेश राव एडवोकेट, राकेश यादव एडवोकेट, राजकुमार चौहान एडवोकेट, राजीव कुमार सोनीपत के नेतृत्व में वीरवार को निशांत यादव और सिंधु दर्शन भवन लेह लद्दाख के महामंत्री गोपाल शरण गर्ग ने दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि जीवन में एक बार धार्मिक व देशभक्ति की यात्रा जरूर करनी चाहिए।

यात्रा का उद्देश्य देश में सामाजिक समरसता, राष्ट्रभक्ति, हिमालय की रक्षा एवं पर्यावरणीय स्वच्छता के प्रति जन-जन को प्रेरित करते हुए पाकिस्तान वचीन से लगते हुए बॉर्डर एवं सभी राज्यों की धार्मिक, संस्कृति, आध्यात्मिक, देशभक्ति एवं दुर्गम पर्वतीय क्षेत्र का भ्रमण कराना है। यात्रा के व्यवस्थापक गौतम ने बताया यह यात्रा प्रतिवर्ष 19 जून से 30 जून तक हिंदुस्तान के सभी राज्यों से आरंभ लेह लद्दाख पहुंचती है। इस वर्ष 29वां सिंधु दर्शन उत्सव लेह लद्दाख में 23 जून से 27 जून तक भाईचारे और राष्ट्रभक्ति की भावना के साथ आयोजित किया जा रहा है।

## जिओ फेसिंग हाजरी के विरोध में एपीएचई एसो. का प्रदर्शन

■ सिविल सर्जन को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। सिविल सर्जन कार्यालय के बाहर नारेबाजी करते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन ने वीरवार को राज्य कमेटी के आह्वान पर लोकेशन आधारित जियो फेसिंग हाजिरी व्यवस्था के विरोध में प्रदर्शन करके सरकार व महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं हरियाणा के नाम सिविल सर्जन को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर एसोसिएशन के जिला प्रधान बिरेंद्र सिंह यादव व जिला सचिव जितेंद्र कुमार ने कहा कि सरकार की ओर से कर्मचारियों के ऊपर आए दिन नये तुगलकी फरमान थोंपने का कार्य किया जा रहा है। वर्तमान में हर कर्मचारी की लोकेशन आधारित जियो फेसिंग हाजरी के फरमान जारी किए गए है, जोकि भारत के संविधान व ।र्वोच्च न्यायालय की टिप्पणी अनुसार नागरिकों के मूलभूत अधिकारों व निजता का हनन है, जिसका एमपीएचई एसोसिएशन पुरजोर विरोध करती है। उन्होंने सरकार से इन आदेशों को वापस लेने की अपील की।

एसोसिएशन राज्य कमेटी सदस्य कृष्ण कुमार ने कहा कि सरकार निरंतर बहुउद्देशीय वर्ग के कर्मचारियों पर अनेकों तरह के स्वास्थ्य कार्यक्रमों को बिना किसी संसाधन व प्रशिक्षण के ऑनलाइन कार्य करने का दबाव बना रही है, जिससे कर्मचारियों का न केवल शोषण हो रहा है, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य पर असर पड़ रहा है। कर्मचारी की लोकेशन आधारित हाजरी मांग कर उनकी निजता पर हमला किया है। यदि जिओ फेसिंग एप वापस नहीं लिया गया तो स्वास्थ्य कर्मचारी कोई बड़ा निर्णय पर मजबूर होंगे। उन्होंने कहा कि सरकार लगातार बहुउद्देशीय वर्ग की जायज मांगों के ऊपर भी कोई ध्यान नहीं दे रही, जिसके कारण कर्मचारी वर्ग में सरकार व अधिकारियों के खिलाफ भारी रोष है। अगर समय रहते मांगों का समाधान नहीं हुआ तो जल्द ही जिला स्तरीय कनवेंशन के माध्यम से एक मजबूत और निर्णायक आंदोलन लड़ा जाएगा, जिसमें आमजन को होने वाली स्वास्थ्य सेवाओं की अव्यवस्था की जिम्मेदारी अधिकारियों व सरकार की होगी।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर जिला कोषाध्यक्ष विक्रम यादव, कांता देवी, हरिकिशन, सुरेन्द्र सिंह, विनोद, दिनेश कुमार, राहुल दहिया, ब्लॉक प्रधान, पवन मीरपुर, करतार बावल, संदीप खोल, नवदीप गहलावत नाहड़, अशोक सैनी गुरावड़ा, धर्मजीत, अतरसिंह, बस्तीराम, हरिप्रकाश, राजबीर, विक्रम सिंह, सरला देवी, कोमल, किरण, नीलम, मुकेश देवी, सुशीला, भगोती व गीता देवी सहित सैकड़ों कर्मचारी मौजूद थे।

## आयुष्य मंदिर में योग शिक्षकों का योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण हुआ संपन्न, जिम्मेदारियां भी सौंपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। कार्यक्रम में योग सामग्री भेंट करते हुए आयोजक। फोटो : हरिभूमि

आयुष्य मंदिर इंटरनेशनल नेचुरोपैथी ऑर्गेनाइजेशन, सूर्या फाउंडेशन एवं आयुष मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में 21 जून को आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन को लेकर जिले के योग शिक्षकों के लिए वीरवार को योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संजना और विशाखा ने गणेश वंदना के साथ किया। आयुष्य मंदिरम परिसर में आयोजित कार्यक्रम का संचालन आचार्य डा. जयप्रकाशानंद, आचार्य योगेन्द्र ब्रह्मचारी, डा. धर्मवीर व योगाचार्य सुषमा ने किया।

कार्यक्रम में जिले के अनुभवी योग शिक्षकों को 21 जून के योग दिवस कार्यक्रम के लिए ग्राम पंचायत, कस्बा, खंड व जिला स्तर की जिम्मेदारी सौंपी गई। सभी शिक्षकों को आयोजन में सहायक सामग्री जैसे बैनर, टी-शर्ट एवं प्रचार किट भी वितरित की गई। इस अवसर पर राज्य संयोजक आचार्य योगेन्द्र ब्रह्मचारी, डा. धर्मवीर एवं आचार्य डा. जयप्रकाशानंद ने सभी योग शिक्षकों से योग के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में योग शिक्षिका मोनिका यादव नगर को जिला संयोजक, शिवानी योग शिक्षिका सूरज स्कूल और रजत को सह संयोजक की जिम्मेदारी दी गई। योग शिक्षक दिनेश और सरिता कुमारी को रेवाड़ी ब्लॉक कंवीनर नियुक्त किया गया, जाटूसाना से पूजा, नाहड़ से मोनिका, धारूहेड़ा से प्रियांशी और आशीष, बावल से मोनिका, खोल से वंशिका, डहीना से अरविंद, दीप्ति बीकानेर, सुमन अटेली, ऋतु मखरियां, अंजली सहारनवास, राजेश कुमारी, मीनू कुमारी, अश्विनी, ज्योति व राघव की ब्लॉक कंवीनर के रूप में नियुक्ति की गई।

## शहर की बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटें ठीक करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी





रेवाड़ी। समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते एसडीएम। फोटो : हरिभूमि

वीरवार को लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने नागरिकों की समस्याएं सुनकर विभागों को तत्काल निदान करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में परिवार पहचान पत्र से संबंधित लगातार शिकायतें आने पर डीसी अभिषेक मीणा के निर्देश पर परिवार पहचान पत्र की शिकायतों के समाधान के लिए अलग से व्यवस्था की गई। इस अवसर पर एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने शहर के लक्ष्मी नगर में पीने के पानी में आ रहा गंदे पानी की शिकायत पर अधिकारियों को तुरंत कार्यवाही करते हुए समस्या का निवारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारी सीवरेज की तुरंत सफाई कराए। उन्होंने शहर में कई मार्गो पर बंद स्ट्रीट लाइटों को भी ठीक करने के निर्देश दिए। अकबरपुर गांव में अवैध कब्जे की शिकायत पर एसडीएम ने पंचायत विभाग के अधिकारियों को अवैध कब्जा हटवाकर सडक निर्माण कार्य करने के निर्देश दिए। शिविर में पीपीपी, प्रोपर्टी आईडी, बिजली, पानी, पेंशन, भूमि रिकॉर्ड, सामाजिक सुरक्षा, पुलिस और अन्य विभागों से जुड़ी अनेक समस्याएं रखी गई।

### कैंटर की टक्कर लगने से दो कंपनी कर्मचारियों की मौत

**रेवाड़ी।** आसलवास के पास कैंटर की टक्कर लगने से दो कंपनी कर्मचारियों की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। केस दर्ज करने के बाद कैंटर चालक की तलाश शुरू कर दी। बैरावास निवासी नरेश व राजस्थान के सिद्धमुख निवासी होशियार सिंह धारूहेड़ा की एक कंपनी में कार्य करते थे। नरेश कंपनी की गाड़ी पर चालक लगा हुआ था। वह गाड़ी लेकर धारूहेड़ा से बावल की ओर आ रहा था। आसलवास गांव के पास गाड़ी खराब हो गई। होशियार ने गाड़ी को टोचन कराने के लिए अपने भाई रामेश्वर को गाड़ी लेकर बुला लिया। नरेश और होशियार गाड़ी को टोचन करने के बाद पीछे की साइड खड़े थे। एक कैंटर ने दोनों को टक्कर मार दी। दोनों कैंटर और दूसरी गाड़ी के बीच फंस गए। आसपास के लोगों की मदद से दोनों को बाहर निकाला गया। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां दोनों को मृत घोषित कर दिया गया।



रेवाड़ी। उपभोक्ताओं को बैंकिंग सुविधाओं की जानकारी देते शाखा प्रबंधक।

### एसबीआई में उपभोक्ताओं को दी बैंक सुविधाओं की जानकारी

**कोसली।** कोसली की स्टेट बैंक आफ इंडिया की शाखा में ग्राहकों को बैंक की ओर से प्रदान की जा रही सुविधाओं की जानकारी दी गई। शाखा प्रबंधक दिनेश कुमार ने बताया कि स्टेट बैंक देश का सबसे बड़ा बैंक है। कोई भी ग्राहक बैंक में खाता खुलवाने से पहले या बाद में बैंक कर्मचारियों से जानकारी लेकर उन सुविधाओं का लाभ उठा सकता है। उन्होंने ग्राहकों को बैंक की विभिन्न बचत योजनाओं, निवेश संबंधी योजनाओं जैसे म्युचुअल फंड, डीमेट खातों, बीमा संबंधी योजनाओं लाइफ इंश्योरेंस, दुर्घटना बीमा, प्रधानमंत्री सुरक्षा योजना, जीवन ज्योति योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने ग्राहकों को साइबर क्राइम को लेकर सतर्क किया और बताया कि बैंक कभी भी किसी प्रकार की जानकारी ग्राहकों से फोन पर नहीं लेता, इसलिए कोई भी जानकारी फोन पर न दें। ग्राहकों को किसी प्रकार की जानकारी लेनी है तो बैंक में आकर लें। बैंक ग्राहकों से कभी ओटीपी या पिन की जानकारी नहीं मांगता है। अपने एटीएम नंबर अथवा ओटीपी की जानकारी किसी भी सूरत में फोन पर न दें।

### आईजीयू में एमएससी मनोविज्ञान में प्रवेश के लिए आवेदन 27 तक

**रेवाड़ी।** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए एमएससी मनोविज्ञान में दाखिले शुरू कर दिए गए हैं। इच्छुक छात्र विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट आईजीयू.एसी.इन के माध्यम से 27 जून तक आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश के लिए छात्रों को कम से कम 45 प्रतिशत अंकों के साथ किसी भी विषय में स्नातक पास होना चाहिए। विभाग में कुल 30 सीटें है और प्रवेश 7 जुलाई को आयोजित होने वाली लिखित प्रवेश परीक्षा के आधार पर होगा। संकाय के अध्यक्ष एवं अधिष्ठाता डा. बिजेंद्र ने कहा कि मनोविज्ञान में एमएससी पास करने के बाद छात्र सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों में विविध करियर पथ तलाश सकते हैं। वे अस्पतालों, क्लिनिकों, स्कूलों और गैर सरकारी संगठनों में परामर्श मनोवैज्ञानिक, स्कूल परामर्शदाता या पुनर्वास विशेषज्ञ के रूप में काम कर सकते हैं।



अध्यक्ष डा. बिजेंद

## योग कार्यक्रमों के लिए प्रशासनिक स्तर पर सभी तैयारियां पूरी : डीसी

# योग जागरूकता के लिए सभी गांवों में निकाली योग जागरण यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी





रेवाड़ी। योग दिवस को लेकर योग जागरण यात्रा निकालते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम के साथ मनाए जा रहे 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की फाइनल रिहर्सल 20 जून को होगी। राव तुलाराम स्टेडियम में आयोजित योग दिवस समारोह में विधायक लक्ष्मण सिंह यादव बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहेंगे, जबकि बावल उपमंडल में आयोजित योग दिवस समारोह में बावल से विधायक डा.कृष्ण कुमार तथा कोसली में विधायक कोसली अनिल यादव बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि जिला मुख्यालय सहित अन्य खंड स्तर पर आयोजित योग कार्यक्रमों के लिए प्रशासनिक स्तर पर सभी तैयारियां कर ली गई हैं। आमजन की सक्रिय भागीदारी के लिए प्रशासन की ओर से व्यापक प्रचार प्रसार अभियान भी चलाया गया है।

### योग दिवस में भाग लेने के लिए आह्वान किया

वीरवार को जिले के सभी गांवों व वार्डों में योग जागरण यात्रा का आयोजन किया। जिला आयुर्वेद अधिकारी डा. बसंत कुमार ने बताया कि आयुष विभाग की ओर से जनसाधारण को योग के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से योग जागरूकता यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आम जनता, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में योग के लाभों के बारे में जानकारी देते हुए जागरूकता फैलाना था। योग जागरण यात्रा से सभी नागरिकों से नियमित रूप से योग करने व योग दिवस में भाग लेने के लिए आह्वान किया गया। यात्रा में योग साधकों ने बैनर के माध्यम से करो योग-रहो निरोग के नारे लगाकर नियमित रूप से योग करने का संदेश दिया। डा. बसंत ने जिले के नागरिकों से योग दिवस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेने व योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान किया। जिला एवं ब्लॉक स्तर पर 20 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की पायलट रिहर्सल तथा 21 जून को योग दिवस के लिए जिला प्रशासन की ओर से सभी विभागों की ड्यूटियां निर्धारित की गई है।

### पहले सरकार जाति के नाम पर भाईचारा खराब कर चुकी, अब कुलपति छात्रों को तोड़ रहेः चौटाला

**बावल।** हिसार कृषि युनिवर्सिटी के विद्यार्थियों के समर्थन में बावल के कृषि कॉलेज में पिछले 9 दिन से छात्र धरना दे रहे है। वीरवार को पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला धरना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने एचएयू के कुलपति बीआर कंबोज को लेकर कहा कि जाति पूछने वालों को चूड़ियां भेंट की जानी चाहिए। दुष्यंत चौटाला ने भी छात्रों को समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि हिसार में लाठीचार्ज के अगले ही दिन वे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिले थे। उन्होंने आश्वासन दिया था कि कमेटी बनाकर इसकी जांच कराकर जिम्मेदार के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी, लेकिन मुख्यमंत्री ने अपने आश्वासन के अनुरूप इतने दिन बाद भी कोई कमेटी नहीं बनाई है। छात्रों के हित के लिए वे राज्यपाल से भी मिल चुके हैं। उन्होंने कहा कि कुलपति छात्रों से जाति पूछकर आंदोलन तोड़ने की कोशिश कर रहे है।

**सरपंच ग्राम पंचायत प्राणपुरा (गोपालपुरा)**
खण्ड-खोल, जिला-रेवाड़ी (हरि०)

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि प्राचीन शिव मन्दिर ग्राम प्राणपुरा (गोपालपुर) खण्ड खोल में स्थित 06 पेड़ों की नीलामी दिनांक 23.06.2025 को प्राचीन शिव मन्दिर परिसर में प्रातः 11:00 बजे होगी। पेड़ों के काटे जाने की स्वीकृति उपवन संरक्षक रेवाड़ी कार्यालय पत्र क्रमांक 303 दिनांक 18.06.2025 द्वारा ली हुई है। इच्छुक बोलीदाता मौके पर आकर नीलामी लगा सकते हैं।

हस्ता/- रेणु बाला, सरपंच
ग्राम पंचायत प्राणपुरा (गोपाल पुरा) खण्ड खोल (रेवाड़ी)
मोबाइल नं. 9813293050, 9467531816

## खबर संक्षेप

### शराब ठेके के पास खड़ी बाइक ले गए चोर

रेवाड़ी। रेलवे चौक पर चोर शराब ठेके के पास खड़ी बाइक चंद मिनट में चोरी कर ले गए। शहर की सज्जन कॉलोनी निवासी संजय ने पुलिस शिकायत में बताया कि वह शराब के ठेके पर बीयर खरीदने के लिए आया था। बाइक ठेके के पास खड़ी करने के बाद उसने बीयर व अन्य सामान खरीदा। कुछ मिनट बाद ही वह बाइक की ओर गया, तो उसे वहां बाइक नहीं मिली। काफी तलाश करने के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चला। सिटी पुलिस ने उसकी शिकायत पर चोरी का केस दर्ज करने के बाद बाइक की तलाश शुरू कर दी।

### सुलखा में अज्ञात युवक का शव मिला

रेवाड़ी। सुलखा गांव में एक प्राइवेट स्कूल के पास लगभग 42 वर्षीय युवक का शव मिला है। वीरवार सुबह ग्रामीणों ने स्कूल के पास एक शव पड़ा देखा। इसकी सूचना रामपुरा थाना पुलिस को दी गई। पुलिस ने सूचना मिलने के बाद मौके पर जाकर शव कब्जे में ले लिया। सीन ऑफ क्राइम टीम को भी मौके पर बुलाया गया। शव की शिनाख्त कराने के प्रयास किए गए, लेकिन सफलता नहीं मिली। बाद में शव को शिनाख्त के लिए सामान्य अस्पताल के शव गृह में रखवा दिया।

छह जुलाई को सरकार के विरोध में कुंड में विशाल जनसभा का आयोजन किया जाएगा

# माजरा एम्स में ओपीडी व एमबीबीएस कक्षाएं शुरू कराने को लेकर आंदोलन की तैयारी, घर-घर चलेगा अभियान

- समिति के वक्ता बोले जब देश के निर्माणाधीन बाकी एम्स के नाम से ओपीडी व एमबीबीएस कक्षाएं चल रही तो माजरा एम्स में देरी क्यों

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

वीरवार को एम्स संघर्ष समिति मनेठी की बैठक समिति के अध्यक्ष कैलाश चंद की अध्यक्षता में कुंड में आयोजित की गई, जिसमें माजरा एम्स में ओपीडी शुरू करने, माजरा एम्स के नाम से इसी सत्र से एमबीबीएस कक्षाएं लगाने और राष्ट्रीय राजमार्ग-11 से माजरा एम्स तक ओवरब्रिज बनाने की मांग को लेकर आंदोलन की रूपरेखा तैयार की गई। समिति के वक्ताओं ने कहा कि आंदोलन के पहले चरण में घर-घर जाकर जनता को जोड़ने का जन अभियान चलाया जाएगा, जिसको लेकर जनता के नाम अपील के साथ एक पम्पलेट तैयार किया गया है। 6 जुलाई को सरकार के विरोध में कुंड में विशाल जनसभा का आयोजन किया जाएगा। एम्स संघर्ष समिति के वक्ताओं रोष व्यक्त करते हुए कहा कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों की ओर से मुख्यमंत्री के रेवाड़ी आगमन पर माजरा एम्स में ओपीडी व एमबीबीएस कक्षाएं शुरू करने की कोई बात नहीं उठाई गई, जबकि जिले के तीनों विधायक, सांसद और इलाके से हरियाणा सरकार में स्वास्थ्य मंत्री कार्यक्रम में मौजूद रही।




रेवाड़ी। बैठक के दौरान अपील पत्र दिखाते हुए समिति के सदस्य व समिति की बैठक में ग्रामीणों को संबोधित करते कॉमरेड। फोटो : हरिभूमि

### समिति अंडरपास नहीं बनने देंगी

एम्स संघर्ष समिति के वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत देश में बनने वाले 22 एम्स में से 12 एम्स रायबेरली, गोरखपुर, मंगल गिरी, नागपुर, भटिंडा, बीबी नगर, कल्याणी, देवघर, बिलासपुर, गुवाहाटी, राजकोट एवं शंभू जम्मू में निर्माणाधीन है और इन एम्स के नाम से ओपीडी व एमबीबीएस की कक्षाएं अन्यत्र चल रही है। उन्होंने कहा कि माजरा एम्स भी इसी योजना के अंतर्गत है, लेकिन यहां अभी तक ओपीडी व एमबीबीएस की कक्षाएं शुरू नहीं की गई है। सरकार और जनप्रतिनिधि भी इस मामले को लेकर चुप है। समिति के वक्ताओं ने कहा कि समिति किसी भी सूरत में अंडरपास नहीं बनने देंगी एवं ओपीडी व एमबीबीएस की कक्षाएं शुरू कराकर ही दम लेंगी।

### सरकार आंदोलन करने के लिए बाध्य कर रही

समिति के अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री से मिलवाने के लिए समिति ने प्रशासन से लिखित में दरखास्त देकर अनुरोध किया था, लेकिन मुख्यमंत्री की सभा में एम्स संघर्ष समिति के सदस्य हिस्सा न ले, इसलिए उन पर पुलिस की पैनी नजर रखी गई, जिसकी एम्स संघर्ष समिति कड़ी निंदा करती है। इस मौके पर समिति के वक्ताओं ने रामगढ़ भगवानपुर के ग्रामीणों ने 200 बेड के नागरिक अस्पताल बनाने की मांग के समर्थन में प्रस्ताव पास किया और निर्णय लिया कि 21 जून को समिति रामगढ़ भगवानपुर धरना स्थल पर जाकर एकता और भाईचारे का संदेश देंगी। समिति के प्रवक्ता कॉमरेड राजेंद्र सिंह ने कहा कि सरकार जनता को आंदोलन करने के लिए बाध्य कर रही है।

### यह रहे बैठक में मौजूद

इस मौके पर बीडी यादव, कंवल सिंह, कर्नल राजेंद्र सिंह, ईश्वर सिंह सैन, राजबीर नंबरदार, प्रकाश चंद, भूपेंद्र सिंह, भूप सिंह आर्य, नवल सिंह, दिलबाग सिंह, विनोद कुमार, देशराज, जगदीश चंद्र, मास्टर लक्ष्मण सिंह, सत्यपाल सिंह, नंदलाल, दयाराम, रामेश्वर, राजरानी, धर्मवीर बल्डोदिया, महावीर पंच, बलवंत पंच, अतर सिंह, सावल सिंह, कंवर सिंह पंच, अमर सिंह, मुनीलाल, सूबेदार मनजीत सिंह व दलबीर पंच सहित अनेक लोग मौजूद थे। बैठक में माजरा के राजेश की असामयिक मौत, अहमदाबाद एयर क्रेश हादसे के मृतकों, केदारनाथ हेलीकॉप्टर हादसे के मृतकों व बलवाड़ी की सुप्रिया की मौत पर 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

27 में से 22 विद्यार्थियों ने नीट परीक्षा उत्तीर्ण की

## राज इंटरनेशनल के छात्रों ने रचा कीर्तिमान


छात्र आदर्श


छात्रा अर्पिता


छात्र दिव्यांशु


छात्र अभिमन्यु सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी


छात्रा सत्या सिंह

राज इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने नीट परीक्षा में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त कर जिले व स्कूल गौरवांवित किया है। विद्यालय के 27 में से 22 विद्यार्थियों ने नीट परीक्षा उत्तीर्ण कर उत्कृष्ट शैक्षणिक गुणवत्ता का प्रमाण दिया है। इस उपलब्धि में कई छात्रों ने 99 से अधिक परसेंटाइल अर्जित किए हैं। छात्र आदर्श ने 99.79 परसेंटाइल, अर्पिता ने 99.61 परसेंटाइल, दिव्यांशु ने 99.32 परसेंटाइल, अभिमन्यु सिंह ने 99.14 परसेंटाइल, छात्रा सत्या सिंह ने 98.93 परसेंटाइल, यशिका ने 97.86 परसेंटाइल, गरिमा ने 96.08 परसेंटाइल व तरुण ने 94 परसेंटाइल अंक हासिल किए। इसके अतिरिक्त दो छात्रों ने भी 95 से अधिक परसेंटाइल प्राप्त कर विद्यालय की उपलब्धियों में चार चांद लगाए। विद्यालय के निदेशक नवीन सैनी, जितेंद्र सैनी व हेमंत सैनी ने इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह परिणाम शिक्षकों की मेहनत, छात्रों की लगन एवं अभिभावकों के विश्वास का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि स्कूल छात्रों को न केवल अकादमिक रूप से, बल्कि नैतिक एवं सामाजिक दृष्टिकोण से भी सक्षम बनाने का कार्य कर रहा है। विद्यालय के चेयरमैन राजेन्द्र सैनी ने कहा कि नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षा में यह सफलता स्कूल की शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने सभी छात्रों व शिक्षकों को बधाई दी। विद्यालय के प्राचार्य कुलदीप जांगिड़ ने कहा कि स्कूल शिक्षा, संस्कार और सफलता के मूलमंत्र पर कार्य कर रहा है।

## यात्रियों को साइबर फ्रॉड के बचाव के दिए टिप्स

- साइबर ठगी से बचने के लिए अज्ञात व्यक्ति से प्राप्त मेल मैसेज को ओपन न करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी


जीआरपी की ओर से रेलवे जंक्शन पर यात्रियों को साइबर फ्रॉड से बचाव के लिए जागरूक किया गया। पुलिस अधीक्षक रेलवेज हरियाणा निकिता गहलोत के मार्गदर्शन में आयोजित जागरूकता अभियान में जीआरपी एसएचओ चंदन सिंह के नेतृत्व में एसआई सत्यपाल सिंह ने यात्रियों को साइबर फ्रॉड से बचने के उपाय बताए। आज के इस तकनीकी युग में हर व्यक्ति मोबाइल व कम्प्यूटर पर निर्भर है। नौकरी व पढ़ाई भी मोबाइल व कम्प्यूटर जैसे संसाधनों से जुड़ी हुई है। इंटरनेट की इस दुनिया में साइबर अपराधी भी अलग-अलग तरीके अपनाकर लोगों के साथ ऑनलाइन ठगी कर रहे हैं। वर्तमान में साइबर ठग मेल पर वॉइस मैसेज भेजकर लोगों से लिंक को ओपन करने का आग्रह कर झांसे में लेकर मेल को हैक कर ठगी की वारदात को अंजाम दे रहे हैं। मेल पर हर व्यक्ति के पास अपने जरूरी पासवर्ड व अन्य दस्तावेज होते हैं। साइबर ठग मेल को हैक करने के बाद यहां से खातों से संबंधित जानकारी व पासवर्ड चुराकर ठगी कर रहे हैं, जिससे सभी को सावधान रहने की जरूरत है। एसआई ने बताया कि साइबर ठगी से बचने के लिए अज्ञात व्यक्ति से प्राप्त मेल-मैसेज को ओपन न करें। अपने प्रत्येक अकाउंट जैसे नैटबैंकिंग, फेसबुक व इंस्टाग्राम इत्यादि की यूजर आईडी व पासवर्ड अलग-अलग बनाकर रखें। मजबूत पासवर्ड का प्रयोग करें। अकाउंट हैक होने पर तुरंत ऑफिशियल अधिकारियों को जानकारी दें तथा हेल्पलाइन नंबर 1930 पर सूचित करें। अकाउंट पर डबल पासवर्ड का प्रयोग करें तथा अपनी कोई भी गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करें।



रेवाड़ी। रेलवे जंक्शन पर यात्रियों को जानकारी देते हुए जीआरपी टीम।

## लक्ष्मी नगर में एक महीने से दूषित पानी की सप्लाई

- जनस्वास्थ्य विभाग को कई बार शिकायत देने पर उसका कोई समाधान नहीं हुआ



रेवाड़ी। लक्ष्मी नगर में सप्लाई हो रहा दूषित पानी।

रेवाड़ी। शहर के वार्ड नंबर-31 स्थित लक्ष्मी नगर में पिछले एक महीने से पीने का दूषित पानी सप्लाई हो रहा है। जनस्वास्थ्य विभाग को कई बार शिकायत देने पर उसका कोई समाधान नहीं हुआ। समस्या के समाधान के लिए वीरवार को पूर्व पार्षद प्रदीप भार्गव, पूर्व पार्षद प्रमिला भार्गव, मोतीलाल, बाबूलाल, संदीप यादव, खुशीराम, मांगेराम, आशीष यादव, विक्की, सुशीला, ज्योति, ज्योति यादव व प्रतीक भार्गव ने समाधान शिविर में एसडीएम सुरेन्द्र सिंह को ज्ञापन सौंपा। एसडीएम ने समस्या पर संज्ञान लेते हुए जल्द ही दूषित पानी की समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया। एसडीएम ने जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दूषित पानी की समस्या का समाधान करके सोमवार तक रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए।

## जीआरपी व आरपीएफ ने सुरक्षा को लेकर चलाया सर्च अभियान



रेवाड़ी। आरपीएफ व जीआरपी टीम की ओर से रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा को लेकर डॉग स्क्वॉयड के साथ सर्च अभियान चलाया गया। जीआरपी एसएचओ चंदन सिंह व आरपीएफ निरीक्षक विनोद कुमार जांगड़े के नेतृत्व में आयोजित अभियान के दौरान एसआई सत्यपाल, एएसआई उर्मिला,एएसआई अजयव्रत, एचसी प्रवीण, कांस्टेबल दिनेश, मीना व अरविंद सहित अन्य जवानों ने रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म, वाहन पार्किंग व परिसर के भीड़भाड़ वाले स्थानों पर संदिग्ध व्यक्तियों व यात्रियों के सामान की जांच की। अभियान के दौरान फरीदाबाद से डॉग स्क्वॉयड की टीम भी मौजूद रही। डॉग स्क्वॉयड की मदद से रेलवे स्टेशन परिसर के चप्पे-चप्पे की तलाशी ली गई। यात्रियों के सामान की जांच के साथ पार्किंग व टिकट घर सहित पार्सल बुकिंग ऑफिस पर भी चेकिंग की गई। जीआरपी एसएचओ चंदन सिंह व आरपीएफ निरीक्षक वीके जांगड़े ने कहा कि सुरक्षा को लेकर और अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों को काबू करने, संदिग्ध वस्तु व व्यक्ति की उपस्थिति को रोकने तथा अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए इस तरह के अभियान भविष्य में भी जारी रहेंगे।

## शरीर, मन और आत्मा को जोड़ने का काम करता योग: भूपेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

वीर भगत सिंह युवा दल की ओर से विश्व योग दिवस के उपलक्ष्य में वीरवार को नेहरू पार्क में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम करें योग-रहें निरोग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर युवा दल के प्रधान दिनेश कपूर, राष्ट्रीय व्यापार सेवा संघ के प्रधान भूपेंद्र गुप्ता व सेक्टर-1 आरडब्ल्यूए के प्रधान रविन्द्र यादव ने कहा कि योग शरीर, मन और आत्मा को जोड़ने का काम करता है। योग हमें तनाव एवं चिंता से मुक्त रखते हुए स्वस्थ एवं ऊर्जा युक्त जीवन शैली की ओर अग्रसर करता है। योग ज्ञान के सागर के समान विशाल है। योग पूरे विश्व को भारतवर्ष की अनमोल देन है। आज पूरी दुनिया में योग-प्राणायाम का लाभ उठाकर लाखों लोग अपने असाध्य रोगों को दूर कर स्वस्थ जीवन का आनंद ले रहे हैं। युवा जैकी, शशि जुनेजा व साधिका सरोज मेहंदीरत्ता ने सभी को भ्रस्तिका, नाड़ी शोधन प्राणायाम व कपालभाति का अभ्यास कराया। सूर्य नमस्कार के साथ-साथ घुटनों के दर्द, थायराइड, हृदय रोग व ब्लड प्रेशर के लिए उपयोगी आसन कराए गए। युवा दल के उप प्रधान प्रवीण ठाकुर ने सभी को एरोबिक्स का अभ्यास कराया। संगठन की ओर से अतिथियों को शहीद भगत सिंह, स्वामी विवेकानंद, भारत माता व स्वामी दयानंद के चित्र भेंट किए गए। कार्यक्रम में निशा सिकरी, पूर्व नगर प्रधान सरोज भारद्वाज, उर्मिला मेहंदीरत्ता, सुनीता आर्य, शिक्षाविद विजय शर्मा, पूर्व प्रधान हर्ष यादव, समाज सेवी आदर्श राजपाल, देवाशीष, सतपाल शास्त्री, सतीश भारद्वाज, देवेंद्र कुमार, आरडब्ल्यूए के महासचिव निरंजन लाल गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।



रेवाड़ी। नेहरू पार्क में योगाभ्यास करते हुए लोग। फोटो :हरिभूमि

### आर्य समाज सेक्टर तीन में मनाएगा योग दिवस

रेवाड़ी। आर्य समाज सेक्टर तीन में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। समाज के प्रधान बुद्धदेव आर्य कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। कार्यक्रम में पूर्व प्राचार्य नरसिंह यादव मुख्य अतिथि और कर्नल आर के सुहाग विशिष्ट अतिथि रहेंगे, जबकि मोनिका यादव योग प्रशिक्षिका की भूमिका निभाएंगी। आर्य समाज की प्रवक्ता सरोज यादव ने बताया कि योग कार्यक्रम प्रातः 7 बजे से 8 बजे तक आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में आर्य समाज की स्मारिका का विमोचन भी किया जाएगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

## श्री कृष्ण भवन में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कैंप 22 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

यादव कल्याण सभा की ओर से 22 जून को सुबह 9 से 11 बजे तक गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कैंप आयोजित किया जाएगा, जिसमे मरीजों को ओपीडी सेवाएं व फ्री दवाईयां प्रदान की जाएगी। यादव कल्याण सभा प्रवक्ता प्रो. सतीश यादव ने बताया कि शिविर मे डा. एस पी यादव मेडिसिन, डा. सिद्धार्थ यादव हड्डीरोग, डा. पवन यादव न्यूरो सर्जरी, डा. गौतम यादव नेत्ररोग व डा. कोमल यादव दंतरोग में ओपीडी सेवाएं प्रदान करेंगे तथा लेफ्टिनेंट पूर्ण सिंह यादव फिजियोथेरेपी की फ्री सेवाओं के लिए उपलब्ध रहेंगे।

चर्चा — स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ उपयुक्त जगह की तलाश चल रही

उपयुक्त जगह के लिए मंत्री खुद कई गांवों में जमीन का अवलोकन कर चुकीं

# अस्पताल भवन के लिए प्रक्रिया जारी अभी जगह तय नहीं की गई: आरती

- भूमि से संबंधित सभी पहलुओं को समझने के लिए अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

रामगढ़ भगवानपुर में ही अस्पताल भवन का निर्माण कराए जाने की मांग को लेकर शुरू किए गए धरने के बीच प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने बयान जारी करते हुए स्पष्ट किया कि अभी अस्पताल निर्माण के लिए जगह फाइनल नहीं हुई है। स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ उपयुक्त जगह की तलाश चल रही है। उपयुक्त जगह के लिए वह खुद कई गांवों में जमीन का अवलोकन कर चुकी हैं। वीरवार को जारी एक बयान में कैबिनेट मंत्री ने कहा कि कुछ महीनों के दौरान माजरा, भगवानपुर, नांगल शाहबाजपुर, गोकलगढ़, कालका और बैरियावास गांवों में अस्पताल के लिए प्रस्तावित स्थलों का व्यक्तिगत रूप से दौरा किया और भूमि से संबंधित सभी पहलुओं को समझने के लिए अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि 200 बिस्तरों वाले अस्पताल के लिए जगह तय करने की प्रक्रिया अभी चल रही है और इस प्रक्रिया में सभी मानदंडों का पालन किया जाएगा। इस प्रक्रिया में स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री ने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। राज्य भर में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और विस्तार के प्रयास किए जा रहे हैं ताकि लोगों को एक ही छत के नीचे किफायती, विश्वसनीय और गुणवत्तापूर्ण उपचार मिल सके। जिला अस्पताल के स्थान का चयन इस प्रकार किया जा रहा है कि इससे अधिकतम लोगों को लाभ मिल सके। यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि अस्पताल तक जाने वाली सड़क चौड़ी व सुगम्य हो ताकि एम्बुलेंस और अन्य वाहन आसानी से अस्पताल तक पहुंच सकें। आस-पास कोई रेलवे लाइन नहीं होनी चाहिए, तथा साइट का पास के राष्ट्रीय राजमार्ग से अच्छा संपर्क होना चाहिए।

### सभी पहलुओं को रखा जा रहा ध्यान में



आरती सिंह राव ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के मापदण्डों के अनुसार चयनित स्थल शहर की आबादी के नजदीक होना चाहिए ताकि अधिकतम लोग अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि अस्पताल के स्थान को अंतिम रूप देते समय सभी मापदंडों और पहलुओं को ध्यान में रखा जा रहा है तथा एक बार अंतिम स्थल का चयन हो जाने पर सरकार को रिपोर्ट भेज दी जाएगी तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। इस अस्पताल से न केवल रेवाड़ी शहर बल्कि पूरे जिले के लोगों को लाभ मिलेगा। यह क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।